

Rajasthan Calling

DIOCESE OF AJMER

Vol.51- No. 10
October 2024

Churches of Ajmer

OUR LADY OF THE ROSARY CHURCH
MADAR, AJMER

Church is dedicated to
Our Lady of the Rosary.
It was established in 2006.



NATIONAL SEMINAR ON ECOLOGY AT DELHI



ALTAR SERVERS' DAY, BHATTA



DIOCESAN ANNUAL CATECHETICAL SEMINAR





GIRL CHILD DAY CELEBRATION, SUKET



GIRL CHILD DAY CELEBRATION, ST. JOSEPH'S CHURCH, KOTA




SPIRITUAL RETREAT, ST. MICHAEL'S CHURCH, SUKET

Rajasthan Calling

OCTOBER, 2024

PREVIOUS ISSUE



PATRON :

Most Rev. Oswald J. Lewis
Apostolic Administrator
Bishop's House
Kaiserganj, Ajmer - 305001

EDITORIAL BOARD

Fr. Santhosh Francis - Chief Editor
Fr. Anthony Davidson
Fr. Jolly MCBS
Fr. Nithin
Sr. Rozario PSA
Fr. Gilbert
Sr. Rajat FSMA
Mr. Manish Singh

Editorial Office

NAVEENTA
Diocesan Pastoral Centre
Near IGMENZ I.T.I., Madar,
Ajmer - 305024

Mob. 9672116724
Email : rajcallingajmer@gmail.com

CONTENTS

ENGLISH SECTION

Editorial 2
Shepherd's Voice 3
Poem : Let's just lean on His love 15
Granny's Stories 16
Article : Sorrow - a blessing or a curse 18
Big Truths for Little Kids 19
Our Guardian Angels 20
Tribute to Sr. Emerentia PSA 42
Result of Logos Quiz Competition 2024 43

HINDI SECTION

बिशप स्वामीजी का संदेश 5
विश्व मिशन दिवस 2024 : संत पिता फ्रांसिस का संदेश 9
करूणालय के कार्यक्रम 14
इंटीग्रल इकॉलोजी पर कार्यशाला 15
पोषण : जीवन का आधार - दिशा 20
संत मत्ती - सि. दियोनिसा 29
अमर वचन 31
संत फ्रांसिस ज़ेवियर - फा. जोसफ सुन्नी 39
सतों के चरण चिन्हों में 40

NEWS SECTION

Ajmer Deanery News 22
Jodhpur Deanery News 26
Kota Deanery News 28

"Being Christian is not the result of an ethical choice or a lofty idea, but the encounter with an event, a person, which gives life a new horizon and a decisive direction." (Pope BENEDICT XVI, DEUS CARITAS EST, 1)

EDITORIAL

Dear Reader,

Catholic mysticism has long captivated the imagination and hearts of those seeking a deeper connection with God, but the mysticism of two particular saints—St. Thérèse of Lisieux (Thérèse of the Child Jesus) and St. Francis of Assisi—stands out for its remarkable simplicity, its focus on love, and its deep intimacy with the divine. Their lives and teachings are grounded not in grand visions or complex theological frameworks but in everyday acts of love and humility. These two mystics offer a profound vision of holiness accessible to everyone, inviting us to experience God in the ordinary.

St. Thérèse of Lisieux, also known as the "Little Flower," transformed Catholic spirituality with her "Little Way" of spiritual childhood. Her mysticism did not revolve around extraordinary visions or ecstatic experiences. Instead, it was rooted in simplicity, trust, and a profound love for God that permeated the smallest details of her life. Thérèse believed that holiness was not reserved for the few but could be attained by anyone who performed even the smallest acts of kindness with great love. Thérèse's mysticism, centered on the idea of spiritual childhood, encourages believers to approach God with the innocence and trust of a child. She saw herself as a small flower in the vast garden of God's creation—unremarkable, perhaps, but deeply loved by the Creator. This simplicity and humility made her spiritual path approachable for everyone, as she emphasized that it is not the grandeur of our deeds but the love with which they are done that matters most to God. Her writings in 'The Story of a Soul' reveal a profound understanding of suffering as a means of spiritual growth and union with Christ. Thérèse embraced suffering with joy, seeing it as an opportunity to offer herself completely to God. Yet, her mysticism was never morbid; it was a mysticism of love. She longed to be united with Christ, and through her "little way," she found that path in the ordinary, transforming everyday life into an act of divine love.

St. Francis of Assisi is perhaps one of the most beloved saints in Catholic history, known for his deep connection to nature, his radical poverty, and his joyful embrace of God's creation. Francis's mysticism was one of radical simplicity, rooted in the conviction that everything in creation reflects God's beauty and love. For him, the material world was not a distraction from God but a means to encounter the divine. His life was marked by a profound desire to imitate Christ, especially in his poverty and humility. The mystical experience that defined Francis's life came through his deep identification with Christ's suffering and his unwavering love for all of God's creatures. He famously received the stigmata—the wounds of Christ—on his body, symbolizing his intimate union with the crucified Lord. Yet, despite this intense suffering, Francis radiated joy. His mysticism was one of delight in God's presence in the world, whether in the poor, the lepers he served, or the birds and animals he lovingly called his "brothers and sisters." Francis's mysticism also extended to his relationship with nature. His famous 'Canticle of the Sun' reflects his view that all creation sings the praises of God. In his eyes, every aspect of the natural world was a mirror of divine love and by embracing poverty, Francis was able to see the world as God does—with love and wonder, stripped of attachment and selfishness.

What unites the mysticism of St. Thérèse of Lisieux and St. Francis of Assisi is their unwavering focus on love and simplicity. Neither saint sought out mystical experiences; rather, they found God in the everyday. For Thérèse, it was in the hidden, humble life of a cloistered Carmelite nun. For Francis, it was in the open fields, among the poor and marginalized. Both saints teach us that the path

to God does not require grand gestures or extraordinary visions—it is open to anyone willing to love deeply, serve humbly, and surrender completely to God's will.

Their mysticism is accessible, and that is perhaps its greatest appeal in our modern world. We live in a time marked by complexity, distraction, and division. Yet, both Thérèse and Francis remind us that holiness is simple. It is found in trust, in small acts of love, and in recognizing God's presence in the world around us. Their lives are a testament to the truth that even in our weakness, we can become vessels of God's grace.

St. Thérèse and St. Francis show us that the mystical journey is not far removed from our daily lives. It is lived out in the ordinary, in the unremarkable, and in the hidden places where love transforms the mundane into the sacred. Their legacy of mystical love continues to inspire, offering us a way of life that is deeply transformative and utterly within reach. May all of us become vessels of God's grace.

God bless!!!

Fr. Santhosh Francis
Editor

SHEPHERD'S VOICE

Dear Brothers and Sisters in Jesus Christ,

The foremost thought that comes to our mind at the dawn of October is the **Mission of Jesus**. The joyful celebration of Mission Sunday, year after year, enhances our zeal, enthusiasm and commitment for the mission entrusted to us. Our children and youth visit the families in the parish, distributing leaflets and printed material on mission, offering empty envelops to be filled in and staring at their mom and dad, uncle and aunt till they open their purse. There is so much joy in doing something for the mission, above all praying for the mission.

The word **mission** comes from the Latin verb "mittere" means to **send** out**.** This action of sending out begins from God the Father himself. "God so loved the world that he **sent** his only Son that whoever believe in him may not perish, but may have eternal life." (Jn. 3:16) A similar thought is expressed by St. Paul in his letter to the Galatians "In the fullness of time, God **sent** his Son. He was born of a woman" (4:4). Jesus announcing his **mission** in the synagogue of Nazareth, when he read from the book of Isaiah, "The spirit of the Lord is upon me … He has **sent** me to proclaim liberty to captives and sight to the blind." (Lk. 4:18) Then it was the turn of Jesus to send out. Then Jesus called the twelve … And he **sent** them to proclaim the kingdom of God and to heal the sick." (Lk. 9:1-2) In chapter 10 of St. Luke we read, "The Lord appointed seventy two other disciples and **sent** them two by two ahead of him to every town and place, where he himself was to go." The final commission of sending the disciples before His ascension: "Then he told them, "**go out** to the whole world and proclaim the Good News to all creation" (Lk. 16:15). John in his 1st letter chapter 4:14 writes, "We ourselves have seen and testify that the Father **sent** his Son as saviour of the world. Thus we realize that the mission of God the Father is manifested in His Son Jesus Christ, who has eventually handed over to his Apostles and everyone who has been baptized.

"Go and invite everyone to the banquet" (Mt. 22:9) is the theme of His Holiness Pope Francis' message for World Mission Day 2024. Pope Francis has chosen this theme from the Gospel according to St. Mathew Chapter 22:1-14 wherein Lord Jesus narrates a parable of the wedding banquet. When the invited guests do not respond to the invitation, the king orders his servants, "Go

therefore to thoroughfares and invite to the marriage feast as many as you find." The Holy Father highlights three important notions.

1. "Go and Invite" – This indicates that the mission is an ongoing action. The servants had already gone out to invite. They were tired, yet they are sent out once again to invite from the streets and cross roads as many as they can find.
2. "To the Marriage feast" – This explains the eschatological and Eucharistic dimension of the mission of Christ and the Church.
3. "Everyone" – The universal mission of Christ's disciples in the fully synodal and missionary Church. The Good News is to be proclaimed to all nations. The Salvific mission of Jesus embraces everyone.

(Kindly read the full text of Pope's Message for World Mission Day 2024, printed here in)

The **mission** intended by the Father was crystal clear in the mind and heart of Jesus at every moment. He knew it well that he was sent by the Father to redeem the human race from its sinfulness through passion and death on the cross. Time and again Jesus spoke to his disciples about his impending passion and death. St. Mathew narrates the third prediction in chapter 20:18 "See we are going to Jerusalem. There the Son of man will be given over to the chief priests and the teachers of the law who will condemn him to death." But his disciples, like the scribes and the pharasis, never understood what Jesus was going through, much less what was his mission. The synoptic gospels narrate that the disciples were convinced that Jesus was going to establish his kingdom and they wanted to grab important positions in his kingdom. So much so, James and John were seeking for a guarantee for the reward. Jesus answers, "You do not know what you are asking. Can you drink the cup I drink?" Jesus was asking the ambitious brothers, can you go through the terrible agony of my inward misery, torture, turmoil and severe pain?

Jesus fulfils his **mission** by being obedient to the Father. As in Philippians 2:6-8 "He did not claim equality with God, but emptied himself, taking on the nature of servant, made in human likeness – He humbled himself by being obedient to death, even death on a cross." Thus the profound teachings of Christ are: - to be servants, to be humble and practice childlike simplicity. "Anyone who wants to be first must be the very last, and the servant of all" (Mk. 10:43).

There are hundreds of great men and women, some of whom are canonized, who have fulfilled the mission of Jesus in their life by being servants and slaves for the kingdom of God. Archbishop Oscar Romero is one of them. He was the archbishop of El Salvadore from 1977 – 1980. During his time there was political turmoil, human rights were violated, people disappeared with no trace of them, violence and murder amounted to three thousand each month. Archbishop Oscar demanded answers from corrupt government for the increasing deaths. On 23rd March 1980 his homily was broadcast throughout the country. He challenged the army. He ended saying "Brothers, you are from the same people; you kill your fellow peasant… No soldier is obliged to obey an order that is contrary to the will of God… In the name of God, then, in the name of his suffering people, I ask you, I beg you stop the repression." He received death threats from the government. Days before murder, he told a reporter, "You can tell the people that if they succeed in killing me, that I forgive and bless those who do it. A bishop will die, but the Church of God, which is the people, will never perish." On 24th March 1980, when he celebrated Mass in a small hospital chapel, after he finished the sermon where he said, "Whoever out of love of God gives oneself to the service of others, will live like the grain wheat that dies." When he stepped aside from the lectern and reached the altar, a man walked into the Church and shot him straight to the chest. It was a murder, a murder of a man who was prepared to speak truth,

a murder of a bishop who shared the lot of his people he served, to stand against oppressive power structures, to take the cause of the poor and the oppressed, a prophetic voice against injustice who underwent suffering and paid for it with his life. Archbishop Oscar Romero, who was canonized, raised to the honour of the altar, on October 14, 2018, lived the mission of Jesus Christ, his Master and Saviour.

Celebrating Mission Sunday we are reminded of the mission entrusted to us to be the messengers of the Good News of love, compassion, justice and peace to our world. Many suffer from oppressive power structures, injustice at the hands of the employers and various other ways. Jesus reminds us to use power and authority for the service of the Gospel and building up the kingdom of God. We are called to carry on the mission of Christ, to be witnesses of the good news in our land, wherever we are, whatever we do, like Archbishop Oscar Romero and other saintly people. We carry out the mission in the midst of affliction, rejection, abuse, ridicule and opposition. We need to become servants and slaves of the Gospel and preserve the values of Christ – of justice, love, equality, communion, peace and harmony.

+ Oswald J. Lewis
Apostolic Administrator

बिशप स्वामीजी का सन्देश

ख्रीस्त में मेरे प्यारे भाईयों एवं बहिनों!

अक्टूबर महीना शुरु होते ही प्रभु येसु के मिशन के विषय में मन में आता है। बरस–दर–बरस मिशन रविवार का आनन्द समारोह जो हमारे सपुर्द किया गया, हमारे उत्साह और उमंग को बढ़ाता है। हमारे बच्चे और युवाजन अपने मम्मी–पापा से लेकर पल्ली के घर–घर जाकर मिशन रविवार के लिफाफे व सामग्रियां आदि अंशदान एकत्र करने के मकसद से वितरित करते हैं। मिशन कार्य करने और मिशन हेतु प्रार्थना करने में विशेष आनन्द का अनुभव होता है।

मिशन शब्द का तीन लातीन क्रिया मितेरे से उद्‌गम होता है, जिसका अर्थ है ''प्रेषित''। स्वयं पिता द्वारा यह प्रारंभ होता है ''ईश्वर ने संसार को इतना प्यार किया कि उसने उसके लिए अपने एकलौते पुत्र को अर्पित कर दिया, जिससे जो उसमें विश्वास करता है, उसका सर्वनाश न हो, बल्कि अनन्त जीवन प्राप्त करे। (उत्पति 3:16) संत पेत्रुस द्वारा गलातियों के नाम पत्र में समान भाव प्रदर्शित किया गया है – ''समय पूरा हो जाने पर ईश्वर ने अपने पुत्र को भेजा। वह नारी से उत्पन्न हुए। 14:4। प्रभु येसु ने अपना मिशन नाज़रेथ के सभाग्रह में जब उन्हें नबी इसायस का ग्रंथ पढ़ते समय घोषित किया ''प्रभु का आत्मा मुझ पर छाया रहता है... संदेश दूं'' सूकस 4:18

और यह प्रभु येसु पर सही बैठता था। तब ईसा ने बारहों को ईश्वर... को चंगा करने भेजा'' लूकस 9:1–2 संत लूकस के अध्याय 10 में हम पढ़ते हैं। इसके बाद प्रभु ने अन्य बहत्तर शिष्य नियुक्त किये और जिस जिस नगर और गांव में वे जाने वाले थे, तब स्वर्गारोहण से पहले अपना अंतिम आदेश दिया। उसने कहा, ''संसार के कौने–कौने में जाकर सारी सृष्टि को सुसमाचार सुनाओ। मारकूस 16:15 योहन ने अपने पहले पत्र के अध्याय 4:14 में लिखा है, ''पिता ने अपने पुत्र को संसार के मुक्तिदाता के रूप में भेजा है। हमने यह देखा है और हम इसका साक्ष्य देते हैं। अतः हम महसूस करते हैं कि पिता ने अपने पुत्र येसु में प्रदर्शित किया और उसने अंततः उसके प्रेरितों और प्रत्येक जिसने बपतिस्मा धारियों के हवाले सपुर्द किया है।

''जाओ और सबों को भोज के लिए आमंत्रित करो। मत्ती 22:9 मिशन रविवार 2024 हेतु संत पिता फ्रांसिस के संदेश का विषय है, ''संत पिता ने संत मत्ती के अनुसार सुसमाचार अध्याय 22:1–4 से लिया है जिसमें प्रभु येसु विवाह भोज आमंत्रण देता है। जब आमंत्रित अतिथीगण आमंत्रण को स्वीकार नहीं करते, तब स्वामी अपने नोकरों को आदेश देते हैं, ''रास्तों पर जाओ और अधिक से अधिक लोगों को भोज में एकत्रित करो। इन तीनों विचारों को संत पिता विशिष्टता देते हैं।

जाओ और आमंत्रित करो – यह दर्शाता है कि मिशन एक लगातार कार्य है – सेवक पहले भी आमंत्रण हेतु जा चुके थे। उनके प्रथम होने के बावजूद पुनः सड़कों और चौराहों पर अधिक से अधिक लोगों को इकट्ठा करने के लिए भेजे गये।

2. विवाह प्रीतिभोज हेतु : यह ख्रीस्त के मिशन और कलीसिया के युगान्त विषयक एस्कोटोलोजिकल और यूखरिस्तीय आयामों को स्पष्ट करता है।

3. हर एक जन ख्रीस्त के विश्वव्यापी मिशन के अनुयायियों की संपूर्ण धर्मसभा और मिशनरी कलीसिया सभी राष्ट्रों को शुभ–संदेश की घोषणा करना। प्रभु येसु का मुक्तिकारी मिशन सबको गले लगाता है।

(संत पिता का विश्व मिशन–2024 पर दिया गया संदेश यहां दिया गया है, कृपया पूरा पढ़े।)

पिता का नेकनियत मिशन प्रभु येसु के मन व दिल में हर क्षण स्वच्छ और स्पष्ट था। वह अच्छी तरह से जानता था कि अपने दुःखभोग और मृत्यु द्वारा मानवों के पापों की मुक्ति हेतु वह पिता द्वारा भेजा गया था। समय–समय पर प्रभु येसु ने अपने शिष्यों से इस आने वाले दुःखभोग और मृत्यु पर चर्चा करते थे। संत मत्ती अध्याय 20:18 में बताते हैं। ''देखो, हम येरुसालेम जा रहे हैं। मानवपुत्र महायाजकों और शास्त्रियों के हवाले कर दिया जायेगा जो उसे प्राणदण्ड की आज्ञा सुनायेंगे।'' लेकिन शास्त्रियों और फरीसियों की तरह वे कभी समझ नहीं पाये कि प्रभु येसु पर क्या बीत रही थी और उससे भी कम उसके मिशन के विषय में। सहदर्शी सुसमाचार में बताते हैं, कि शिष्यगण आश्वस्त थे कि प्रभु येसु अपना संसारिक राज्य स्थापित करेगा और वे उसके राज्य में आवश्यक पद हथियाना चाहते थे। यहां तक कि योहन और याकूब अपने पदों की गारंटी चाहते थे। प्रभु येसु ने उत्तर दिया, ''तुम नहीं जानते कि तुम क्या मांग रहे हो? जो प्याला मैं पीने वाला हूँ क्या तुम उसे पी सकते हो? प्रभु येसु उन महत्वाकांक्षी भाईयों से पूछ रहे थे कि क्या तुम मेरी आंतरिक प्राणपीड़ा सह सकते हो?

प्रभु येसु ने पिता का आज्ञाकारी बनकर अपना मिशन पूरा किया।'' वह वास्तव में ईश्वर थे और उनका पूरा अधिकार था कि वह ईश्वर की बराबरी करे फिर भी उन्होंने दास का रूप धारण कर तथा मनुष्यों के समान बनकर अपने को दीन–हीन बना दिया और उन्होंने मनुष्य का रूप धारण करने के बाद मरण, हॉ क्रूस पर मरण तक आज्ञाकारी बनकर अपने को और भी दीन बना लिया।'' (फिलीपियों 2:6–8) अतः प्रभु येसु की यह गूढ़ शिक्षा कि सबों को दीन, दास और बच्चों के समान नम्र बनो।'' जो तुम लोगों में बड़ा होना चाहता है, वह तुम्हारा सेवक बने। (मारकूस 10:43)

हजारों स्त्री–पुरूष हैं, उनमें से कुछ संत भी घोषित किये गए है, जिन्होंने प्रभु येसु के मिशन की पालना करने के लिए ईश–राज्य के दास व सेवक बन गए। उनमें से एक आर्च–बिशप ओस्कर रोमेरो हैं। वह 1977–1980 तक अल साल्वाडोर के आर्च बिशप ये उस दौरान राजनैतिक हलचल और मानवाधिकार का हनन होता था। लोग बिना चिन्ह के लापता हो रहे थे, हिंसा और नरसंहार की वारदात हर महीने तीन हजार की तादाद पार कर चुकी थी। आर्च बिशप ने भ्रष्ट सरकार से बढ़ती हत्याओं के जवाब की मांग की। 23 मार्च 1980 के दिन संपूर्ण राष्ट्र में उनके प्रवचन का प्रसारण किया गया। उन्होंने सेना को ललकारा। उन्होंने यह कहते हुए

अपना प्रवचन समाप्त किया।'' सैनिक भाईयों! तुम उन्हीं लोगों में से हो; तुम अपने ही लोगों की हत्या कर रहे हो...।

यह ईश्वर की इच्छा के विरुद्ध है, कोई भी सैनिक ऐसा आदेश पालने के लिए वचनबद्ध नहीं है, ... अतः ईश्वर और पीड़ितों के नाम पर मैं तुमसे आग्रह करता हूँ, कि यह दमन बंद करो।''

आर्चबिशप ओस्कर को सरकार की ओर से मौत की धमकी दी गई। मृत्यु के कुछ दिन पहले उन्होंने रिपोर्टर से कहा था – ''तुम लोगों से कह सकते हो, कि यदि वे मेरी हत्या करने में सफल हैं तो यह कृत्य करने वालों को मैं क्षमा करता हूँ और आशीष देता हूँ। एक बिशप मर जायेगा लेकिन ईश्वर की कलीसिया अर्थात् ईश्वर के जन कभी नष्ट नहीं होंगे। उन्होंने 24 मार्च 1980 पर अस्पताल के छोटे प्रार्थनालय में मिस्सा बलिदान चढ़ाया। प्रवचन के अंत में उन्होंने कहा, ''जो प्रभु प्रेम में दूसरों की सेवा में स्वयं को न्यौछावर करता है, वह उस गेहूं के दाने के सदृश्य जीता है जो मर जाता है। जब उन्होंने पाठमंच से हटकर वेदी पर अपना कदम रखा, उसी वक्त एक व्यक्ति गिरजाघर में प्रवेश किया और सीधा उनके सीने में गोली दागी। यह हत्या थी, जो व्यक्ति सत्य बोलना चाहता था। एक बिशप की हत्या जो अपने लोगों से आदान–पदान करता था, दमनात्मक शक्तियों गरीबी के विरूद्ध खड़ा व अड़ा रहता था। जो अन्याय के विरुद्ध बेबाक बातें बोलकर अत्याचार सहा और अपनी जान देकर कीमत चुकाई। आर्च बिशप ओस्कर दिनांक 14 अक्टूबर 2018 संत घोषित किये गये, जो स्वामी और मुक्तिदाता के लिए अपना जीवन व्यतीत किया।

मिशन रविवार हमें संसार में शुभ–संदेश देने, प्रेम, करुणा, न्याय और शांति के संदेशवाहक बनने का स्मरण दिलाता है। अनेक लोग दमनात्मक शक्तियों, मालिकों व अन्य कारणों पीड़ित, अन्यायपूर्ण दुःख पाते हैं। प्रभु येसु अपने सुसमाचार की सेवा और ईश्वरीय राज्य के निर्माण हेतु अपनी शक्ति व अधिकार काम में लेने का स्मरण दिलाते हैं। हम जहां कहीं भी हो, चाहे जो कोई भी, अपनी जगहों पर आर्चबिश ओस्कर और अन्य संतों की भांति सुसमाचार के गवाह बने। हम सभी वेदना, बहिष्कार, दुर्व्यवहार, उपहास और विरोध में कार्य करेंगे। हमें सुसमाचार के सेवक और दास बनना है, और हम ख्रीस्त के न्याय, प्रेम, एकता, समानता, शांति और समन्वय के मूल्यों को सुरक्षित बनाए रखेंगे।

– बिशप ओसवाल्ड लुईस
प्रशासनिक प्रशासक

Date	Time	Bishop's Programme / Schedule (Oct. 2024)
01.10.24	05:30 pm	Feast of St. Theresa of Lisieux – Holy Mass. Seminary Day Celebration, Ajmer.
02.10.24	06:30 pm	Novena Prayer – St. Francis of Assisi, MSA Provincial House
03.10.24	10:00 am	Thanksgiving Sacrifice – Golden Jubilee of PSA Sisters. Christ Raja Ashram, Madar
	06:00 pm	"Transitus" – Prayer Service, Karunalaya Ashram, Gagwana – Ajmer.
04.10.24	06:30 am	Feast of St. Francis of Assisi – Holy Mass - MSA Provincial House.

Date	Time	Bishop's Programme / Schedule (Oct. 2024)
06.10.24	10:30 am	Feast of St. Theresa, Holy Mass, St. Theresa Church – Ladpura.
	05:00 pm	Feast of Our Lady of the Holy Rosary – Holy Mass, Confirmation Holy Rosary Church Madar.
07.10.24	06:00 am	Departure to Jaspur
09.10.24	09:00 am	Thanksgiving Holy Mass – Silver Jubilee of Sr. Marie James M.C. St. Joseph's Church, Kunkuri, Jaspur
11.10.24	01:00 pm	Arrival at Ajmer
	03:00 pm	Marriage Preparation Course – Pastoral Centre Madar.
12.10.24	10:30 am	Vestition and First Profession of FCC Novices, Maria Rani Province, Jodhpur
13.10.24	08:00 am	Sacrament of Confirmation & First Holy Communion, Immaculate Conception Cathedral Ajmer,
	05:30 pm	Thanksgiving Sacrifice – Silver Jubilee of Sr. Ignatia MSA, Infant Jesus Church, Beawar.
19.10.24	05:30 pm	Silver Jubilee of St. Anselm's North City School , Jhotwara – Jaipur
24.10.24	08:00 am	Departure to Mt. Abu.
25.10.24	10:00 am	Sacrament of Confirmation, Holy Mass, St. Mary's School, Mt. Abu.
	05:30pm	Cultural Concert - St. Mary's School, Mount Abu
26.10.24	06:00 pm	Ruby Jubilee of St. Paul's Sr. Sec. School, Shastri Nagar – Jodhpur.
27.10.24	11:00 am	Feast of St. Jude Thaddeus, Holy Mass, St. Jude's Church – Hathikhera
	08:00 pm	***Annual Clergy Retreat begins.***
28th Oct. to 1st Nov. 24		***Annual Clergy Retreat - Pastoral Centre, Madar.***



Fr. Joseph Sunni	06/10/1948
Fr. Sebastian D'Mello	16/10/1964
Fr. Joseph Olickal	20/10/1975
Fr. John Paul Gill OFM cap	24/10/1978
Fr. Raju Kuriakose	30/10/1977



Oremus Pro Invicem
(Let us pray for each other)

✞ Fr. Emmanuel Jacob	18/10/1976
✞ Fr. Thomas Fernandez	19/10/1980
✞ Fr. Avito Coutinho	30/10/1982
✞ Fr. Cyril Pereira	31/10/1991
✞ Fr. Cyril Lobo	31/10/2004

"The State may not impose religion, yet it must guarantee religious freedom and harmony between the followers of different religions." (DCE, 28a)

विश्व मिशन–दिवस –2024 के उपलक्ष पर संत पिता फ्रान्सिस का सन्देश

20 अक्टूबर 2024

'जाओ और सब को विवाह भोज में बुला लाओ' (मत्ती 22:9)

प्रिय भाइयो व बहनों।

इस वर्ष के विश्व मिशन दिवस के 'विषय' को मैंने संत मत्ती के सुसमाचार के 'विवाह–भोज' दृष्टान्त (मत्ती 22:1–14) से लिया है। आमंत्रित अतिथियों ने जब निमंत्रण का अस्वीकार किया तब इस दृष्टान्त के प्रमुख पात्र राजा, अपने नौकरों को बुलाकर यह आदेश देते हैं: ''चोराहों पर जाओ और जितने भी लोग मिले, सब को विवाह–भोज में बुला लाओ''(मत्ती 22:9)। इस दृष्टांत पर, प्रभु येसु के जीवन–संदर्भ तथा प्रस्तुत वृतांत के परिप्रेक्ष्य से चिंतन करके, सुसमाचार प्रचार हेतु कई आयामों को हम प्राप्त कर सकते हैं और ये (आयाम), हम जैसे प्रभु ख्रीस्त के मिशनरी प्रेरितों के लिए सदैव, विशेषकर 'सिनड़ल यात्रा' के इस समापन समय के अवसर पर, अधिक उपयोगी व सामयिक सिद्ध होंगे। क्योंकि कलीसिया का यह सम्मिलित – सहगामी ('सिनडल') अभियान, अपने लक्ष्य – 'संयुक्तता, सहभागिता, व मिशन'– द्वारा, कलीसिया को उसके अपने प्रथम कर्तव्य पर पुनः केन्द्रित करना चाहता है और यह प्रथम कर्तव्य है: 'आज के विश्व में सुसमाचार का प्रचार'।

1. ''जाओ और आमंत्रित करो।'' बाहर जाकर दूसरों को प्रभु के भोज में बार–बार आमंत्रित करने का ''अथक प्रयास'', सुसमाचार–प्रचार का एक विशिष्ट पहलू है।

नौकरों को प्रदत्त राजा के आदेश में ऐसे दो क्रियात्मक शब्द हैं जो सुसमाचार–प्रचार की केंद्रीयता को रेखांकित करते हैं। ये दो क्रिया हैं: ''बाहर जाना'' व '' आमंत्रित करना''।

प्रथम क्रिया के संबंध में हमें यह ज्ञात होना चाहिए कि राजा के निमंत्रण को आमंत्रितों तक पहुँचाने हेतु नौकरों को पहले ही भेज दिया गया था (मत्ती 22:3–4)। यहाँ हम देखते हैं कि मिशन का एक पहलू है ''अथक परिश्रम'', अर्थात 'बार–बार, अविश्रांत', सभी लोगों के पास जाना' मिशन है। बार बार जाने से, सब लोगा, प्रभु ईश्वर से मिलने तथा उनके साथ संबंध स्थापित करने हेतु निमंत्रण पा सकेंगे। यहाँ मिशन को अथक व अविश्रांत प्रयास के रूप में दर्शाया गया है। प्रेम व दया के धनी प्रभु ईश्वर, सभी लोगों से मिलने बराबर आगे बढ़ता रहता है तथा अपने राज्य के आनन्द में सहभागी बनाने के लिए उन्हें बुलाता रहता है, भले इस बुलावे के प्रति उदासीन रहकर, जनता इसे इनकार ही क्यों न कर दें। पिता ईश्वर के दूत प्रभु येसु मसीह जो भले–चरवाहे हैं, भटकी व खोई हुई इस्राएल रूपी भेडों. को खोजने निकल पडे. थे और इससे भी अधिक कि सबसे दूर खो गयी भेडों. तक भी वे पहुँचना चाहते थे (योहन 10:16)। अपने पुनरूत्थान के पूर्व व बाद में भी अपने शिष्यों से प्रभु येसु ने कहा, ''जाओ'', और इस तरह उन्होंने शिष्यों को भी अपने मिशन में सहभागी बनाया (लूका 10:3; मारकुस 16:15)। प्रभु से प्राप्त मिशन की वफ़ादारी में, कलीसिया अपनी ओर से दुनिया के अन्तिम छोर तक बराबर जाती रहेगी। कतिपय कठिनाई व बाधाओं के बाद भी, बिना निराश हुए व थके, बार–बार लोगों के पास जाने की आवश्यकता को कलीसिया बनाये रखेगी।

इस अवसर पर मैं उन सब मिशनरियों को धन्यवाद देना चाहता हूँ जो प्रभु की बुलाहट को सुनकर, अपना सबकुछ त्यागकर, अपनी जन्मभूमि से बहुत दूर, या तो उन लोगों के बीच सुसमाचार

सुनाने गए हैं जिनके पास सुसमाचार अब तक पहुँचा ही नहीं है या ऐसे लोगों के मध्य, जो हाल ही में शुभ–संदेश को पाने वाले रहे हैं। प्रिय मित्रों। 'साधारण जनता हेतु मिशन' के प्रति उदारतापूर्ण समर्पण ही आपकी प्रतिबद्धता की प्रत्यक्ष अभिव्यक्ति होगी। इस 'जन–साधारण हेतु मिशन' को स्वयं प्रभु येसु ने इन वचनों के साथ अपने शिष्यों को सौंपाः ''जाओ। सभी देशों को मेरे शिष्य बनाओ''(मत्ती 28:19)। हम बराबर प्रार्थना करते हैं तथा संसार के अंतिम छोर तक, सुसमाचार प्रचार के पुनीत कर्तव्य को पूरा करने हेतु प्राप्त असंख्य मिशनरी–बुलाहटों के लिए, ईश्वर को सदा धन्यवाद देते रहते हैं।

हमें यह भूलना नहीं चाहिए कि हरेक ख्रीस्तीय, हर संदर्भ में, सुसमाचार के लिए साक्ष्य प्रस्तुत करने के द्वारा, सार्वभौमिक मिशन कार्य में भागीदारी निभाने हेतु बुलाया जाता है, जिससे संपूर्ण कलीसिया, अपने प्रभु व गुरू के साथ, आज के विश्व के चौराहों (व कोने कोने) पर बराबर जा सके। कलीसिया में आज की विडंबना (नाटक) यह है कि प्रभु येसु बराबर खटखटा रहे हैं, (लेकिन) अन्दर से; ताकि हम उन्हें बाहर जाने दे सकें। लेकिन हमारी कलीसिया अक्सर कैद–खाना–सा बनकर रह जाती है, जो प्रभु को बाहर जाने नहीं देती है और उन्हें 'अपना निजी' बनाकर रख देती है। जब कि प्रभुवर मिशन के लिए आए और चाहते हैं कि हम भी मिशनरी बनें। (18 फरवरी 2023 ई. को लोक–धर्मी, परिवार व जीवन के विभाग द्वारा आयोजित सभा में उपस्थित सदस्यों को प्रदत्त भाषण से)। दीक्षित (बप्तिस्मा–प्राप्त) हम सब विश्वासीगण, अपने अपने जीवन की अवस्था के अनुसार, कलीसिया के प्रारंभ में जैसे हुआ ठीक वैसे, एक नवीन मिशन–अभियान को, नये सिरे से, उद्घाटित करने हेतु तैयार रहें।

उपर्युक्त दृष्टांत में नौकरों के लिए राजा का आदेश मात्र 'जाने' के लिए नहीं बल्कि 'निमंत्रण' देने के लिए भी है; और यह कहकर निमंत्रित करने कि 'विवाह भोज में पधारिये' (मत्ती 22:4)। यहाँ हम प्रभु द्वारा सुपुर्द (सौंपे गए) मिशन में और एक विशिष्ट पहलू देख सकते हैं जिसका महत्व किसी भी तरह कम नहीं है। हम यह कल्पना कर सकते हैं कि नौकर लोग निश्चित रूप से आमंत्रितों के सामने आदरपूर्वक, विनम्र भाव से प्रस्तुत हुए होंगे और आग्रह के साथ राजा के निमंत्रण को प्रस्तुत किये होंगे। हरेक सृष्टि तक शुभ–संदेश पहुँचाने की हमारी मिशन–शैली भी ठीक उस प्रभु की शैली के समान ही होनी चाहिए जिस प्रभु को हम हर शुभ–संदेश में देते व घोषित करते हैं। मरकर जी उठने वाले प्रभु येसु में विद्यमान, पिता ईश्वर के अद्वितीय व सुन्दर उद्धारक प्रेम को, सारे विश्व के सम्मुख घोषित करना मिशनरी प्रेरितों का कर्तव्य है (Evangeli Gaudium,36)। लेकिन उन्हें चाहिए कि इस घोषणा को वे आनन्द, महानुभावता, उदारता, तथा परोपकारिता के साथ करें जो अंतर्गत पवित्र आत्मा के फल हैं (गला 5:22)। यह कार्य दबाव, छल–बल का प्रयोग, फुसलाकर, धर्म–परिवर्तन हेतु मजबूर करने का प्रयास आदि से मुक्त (व वंचित) हो और अनुकम्पा, घनिष्टता व कोमलता की प्रचूरता से युक्त व सुसज्जित रहे। इस तरह, इस में खुद ईश्वर का ही अस्तित्व व उनका अपना कृत्य प्रतिबिंबित होगा।

2. '' विवाह समारोह में आमंत्रित''। प्रभु येसु व कलीसिया के मिशन के यूखरिस्तीय व उनके पुनरागमन (Eschatological) का आयामः इस दृष्टांत में राजा नौकरों से कहते हैं कि वे आमंत्रितों को अपने पुत्र के विवाह–भोज में बुला लाएँ। यह भोज, इस लोक (संसार) के अंत में संपन्न होने वाले अलौकिक भोजन का प्रतिबिम्ब है। यह, ईश–राज्य में संपन्न होने वाली उस आखिरी मुक्ति का प्रतिरूप है जब ईश्वर मृत्यु को सदा के लिए समाप्त कर देगा (इसायाह 25:6–8)। यह मुक्ति प्रभु येसु के आगमन से, अब (वर्तमान समय) से ही संपन्न (होने लगा) है; उस मसीह व ईश–पुत्र ने भरपूर (मात्रा में)

जीवन दिया है (योहन 10:10), जो (विवाह भोज में) रसदार भोजन व उत्तम दाख रस से तैयार की गई मेज़ के प्रतीक से बिंबित व चिन्हित होता है। ।

प्रभु ख्रीस्त का मिशन 'समय के पूर्ण होने' से संबंध रखता है जिस तरह उन्होंने अपने प्रचार के प्रारम्भ में ही कहा थाः ''समय पूरा हो चुका है और ईश्वर का राज्य निकट आ गया है''(मारकुस 1:15)। ख्रीस्त के शिष्यों को इसलिए बुलाया गया है कि वे अपने प्रभु व गुरू के मिशन को बनाये रखें। इस संबंध में कलीसिया के मिशन में निहित 'प्रभु–पुनरागमन' की पहचान (eschatological character) के विषय में द्वितीय वत्तिकान की शिक्षा को हम याद करते हैंः ''मिशन–कार्यकाल' प्रभु के प्रथम आगमन से लेकर द्वितीय आगमन तक है....क्योंकि (इस समय के दौरान) प्रभु के पुनरागमन के पहले ही सभी देशों को सुसमाचार सुनाया जाना चाहिए'' (मार्कुस 13:10)। (Ad Gentes 9)

हम जानते हैं कि प्रथम विश्वासियों का मिशन–उत्साह, प्रभु के (सन्निकट) पुनरागमन (eschatological) के प्रबल–भाव से ओतप्रोत था। अतः वे सब सुसमाचार–प्रचार की अत्यावश्यकता की तीव्र इच्छा से प्रेरित थे। आज भी इस परिप्रेक्ष्य को बनाए रखना महत्वपूर्ण है क्योंकि यह हमारी मदद करती है उन लोगों के आनन्द व उत्साह के साथ सुसमाचार का प्रचार करने, जो यह जानते हैं कि ''प्रभु–राज्य के आगमन का समय निकट है'' तथा उन लोगों के भरोसे के साथ आगे बढ़ने ''जो उस गन्तव्य की ओर'' आगे बढ़ रहे हैं, जहाँ हम सब ईश्वर के राज्य के विवाह भोज में प्रभु ख्रीस्त के साथ एकत्रित होंगे। संसार हमारे समक्ष भोग–विलास, स्वार्थपूर्ण सुविधा, धन का संचय तथा व्यक्तिवाद रूपी भोज की मेज़ उपस्थित कराता है। लेकिन सुसमाचार हरेक को दैविक भोज हेतु बुलाता है जिसकी पहचान है आनन्द, सहभागिता, न्याय तथा ईश्वर एवं पड़ोसियों की संयुक्तता का बन्धुत्व।

जीवन की पूर्णता प्रभु ख्रीस्त का उपहार है। इसे यूखरिस्तीय भोज में पहले से ही उपस्थित कराया गया है जिसे कलीसिया उनकी स्मृति में, उन्हीं के आदेशानुसार मनाती है। सुसमाचार के मिशन में, हम पारलौकिक –स्वर्गीय प्रभु–भोज के निमन्त्रण को हरेक के पास पहुँचाते हैं। यह सुसमाचारीय निमंत्रण, यूखरिस्तीय भोज के निमंत्रण के साथ आंतरिक रूप से जुड़ा है और इस यूखरिस्तीय भोज द्वारा प्रभु हमें अपने वचन तथा अपने ही शरीर व रक्त से पोषित करते हैं। जैसे संत पापा बेनेडिक्ट सोलहवें ने सिखाया है कि हर यूखरिस्तीय समारोह, ईश–जनता के पारलौकिक–समागम को सांसारिक रूप से संभव बनाता है। हमारेलिए यूखरिस्तीय भोज, जीवन के अंत में प्राप्त होने वाले स्वर्गीय भोज का पूर्वस्वाद है जिसके बारे में नबियों ने भविष्य वाणी की थी (इसायाह 25:6–9)। इसे नये विधान में, संतों की मण्डली द्वारा आनन्द के साथ मनाये जाने वाले (प्रकाशना 19:9) 'मेमने के विवाहोत्सव के रूप में दर्शाया गया है (साकरामेन्तुम कारितातिस 31)।

परिणाम स्वरूप यूखरिस्त को उसके सभी पहलुओं में, विशेषकर इसके स्वर्गीय व मिशन आयामों में, गहराई से इसका अनुभव करने हेतु हम सब बुलाये गये हैं। मैं इस बात को रेखांकित करते हुए कहना चाहता हूँ कि कोई भी यूखरीस्त की मेज़ की ओर जब तक नहीं बढ़ सकता है तब तक वह शुभ–संदेश सुनाने के मिशन के प्रति आकर्षित न हो और यह मिशन स्वयं प्रभु ईश्वर के हृदय में इसलिए प्रारम्भ होता है ताकि यह सबों तक पहुँच सके। कोविड के पश्चात् स्थानीय कलीसियाओं में यूखरीस्त का जो सराहनीय नवीनीकरण हो रहा है, यह हरेक विश्वासी के हृदय में मिशन–भावना को पुनः जागृत करने के लिए आवश्यक है। अतः हमें चाहिए कि गहरे विश्वास तथा हार्दिक उत्साह के साथ हर मिस्सा में विश्वास के इस रहस्य को हम घोषित करते रहें : ''हे प्रभु हम तेरी मृत्यु की घोषणा करते हैं, और तेरे पुनरागमन तक तेरे पुनरूत्थान

की घोषणा करते रहेंगे।''

सन् 2025 ई. में मनायी जानेवाली जयन्ती की तैयारी में प्रार्थना हेतु समर्पित इस वर्ष में मैं अनुरोध करते हुए सबको प्रोत्साहित करना चाहता हूँ कि सभी विशेष करके यूखरिस्तीय समारोह में भाग लें तथा कलीसिया के सुसमाचार–प्रचार के मिशन के लिए प्रार्थना करें। प्रभु के आदेश का पालन करते हुए हर यूखरिस्तीय व अन्य सांस्कारिक समारोह में, कलीसिया ''हे हमारे पिता'' प्रार्थना को इस निवेदन के साथ करती रहती है कि ''तेरा राज्य आये'। इस तरह, सभी दैनिक प्रार्थनाएँ (विशेषकर यूखरिस्तीय समारोह), हमें तीर्थ–यात्री व भरोसे के मिशनरी के रूप में परिणत करती हैं। प्रभु ईश्वर में प्रदत्त अनन्त जीवन की ओर यात्रा करते हुए, हम उस वैवाहिक भोजन की ओर बढ़ते हैं जिसे प्रेमी पिता ईश्वर ने अपने सभी बच्चों के लिए तैयार किया है।

3. ''प्रत्येक'' – पूर्णतः सिनडल (सम्मिलित–सहयात्रिक–विश्वासी समुदाय) व मिशनरी कलीसिया में ख्रीस्त के शिष्यों के सार्वभौमिक मिशन।

यह तीसरा व अंतिम चिंतन राजा द्वारा निमंत्रित अतिथियों (ग्रहणार्थी) से संबंध रखता है। यह निमंत्रण ''हर–एक'' के लिए है। जैसे मैंने जोर देकर कहा कि मिशन का केंद्रबिंदु यह है कि बिना किसी भी प्रकार के अपवाद के 'सभी' इस मिशन के अंतर्गत आते हैं। हमारा हर मिशन–कार्य प्रभु ख्रीस्त से है जिससे 'वह' सबको अपनी ओर आकर्षित कर लें। (Address to the generalassembly of the Pontifical missionary societies, 3rd June 2023)।

आज के इस विश्व में, जो विभाजन तथा टकरावपूर्ण संघर्ष से खंडित व छिन्न–भिन्न है, ख्रीस्त के सुसमाचार की उपस्थिति न केवल शांत व कोमल स्वभाव का है बल्कि जोर से गूँजने वाली सुदृढ़ व सुस्पष्ट आवाज़ भी है। अत्यधिक प्रभावशाली सुसमाचार की यह दृढ़ गूँज, व्यक्तियों को इसलिए बुलाती है कि वे एक दूसरे से मिले व यह पहचानें कि वे आपस में भाई और बहन हैं तथा प्रोत्साहित करती है कि विभिन्नता के बीच के सद्भाव को पहचानें व मनायें। ''सबके मुक्तिदाता ईश्वर यह चाहता है कि सबों की मुक्ति हो और सभी सत्य के ज्ञान को प्राप्त करें'' (1 तिमथी 2:4)। कभी भी हम यह न भूलें कि हमारे मिशन कार्यों के द्वारा सभी के पास सुसमाचार पहुँचाने का आदेश हमें मिला है। लेकिन ध्यान रखें कि सुनने वालों पर अनावश्यक भार लादने वाले जैसे नहीं बल्कि उनके आनंद में सहभागी बनकर, तथा सुन्दर क्षितिज की ओर इंगित करते हुए स्वादिष्ट भोजन केलिए निमंत्रण देने वालों जैसे हम पेश आएँ।(Evangeli Gaudium, 14).

ख्रीस्त के मिशनरी शिष्यगण, बिना भेद–भाव के, भले–बुरे सबों के हितार्थ सोचने, ख्याल रखने व चिंता करने वाले होते हैं। विवाह भोज का दृष्टांत हमें यह बताता है कि राजा के आदेशानुसार नौकरों ने ''जो भी मिले, भले–बुरे सबों को एकत्रित किया'' (मत्ती 22:10)। इससे भी बढ़कर उन सब को बुलाया गया जो लाचार, गरीब, अंधे–लंगड़े तथा दिव्यांग थे। दूसरे शब्दों में समाज के तिरस्कृत, वर्गीकृत तथा हाशिये पर के निम्नतम स्तर के भाई व बहन राजा के विशिष्ट अतिथि (बनते) हैं (लूका 14:21)। अपने पुत्र के लिए जो विवाह भोज प्रभु ईश्वर ने तैयार किया है वह सब केलिए (उपलब्ध) है क्योंकि हरेक के प्रति उसका प्रेम अत्यधिक व शर्तरहित है। योहन के सुसमाचार में पढ़ते हैं कि ''ईश्वर ने संसार को इतना प्यार किया कि उसने उसके लिए अपने एकलौते पुत्र को अर्पित कर दिया जिससे जो भी उसमें विश्वास करेगा उसका सर्वनाश नहीं बल्कि उसे अनन्त जीवन प्राप्त हो'' (योहन 3:16)। हर कोई, प्रत्येक आदमी और औरत, जीवन को बदलने व उद्धार करने वाली ईश–कृपा में भागीदार होने

हेतु ईश्वर द्वारा निमंत्रित है। इसे स्वीकार करते हुए और स्वयं के परिवर्तन हेतु तैयार रहकर तथा इसे ''विवाह–वस्त्र'' की तरह पहन कर, मुफ़्त के इस दैविक उपहार के लिए केवल ''हाँ'' कहने की ज़रूरत है (मत्ती 22:12)।

''सभी के प्रति मिशन''–''सबों का समर्पण चाहता है''। सुसमाचार की सेवा हेतु हमें सम्मिलित–सहयात्रिक विश्वासी समुदाय (सिनडल) व मिशनरी कलीसिया – के पूर्ण निर्माण –की ओर अपनी यात्रा को बनाये रखने की आवश्यकता है। स्वतः कलीसिया का यह सम्मिलित सहयात्री–समुदाय (सिनडल) स्वरूप मिशनरी है तथा मिशन अपने आप में सदा सम्मिलित – सहयात्रिक – विश्वासी समुदाय का निर्माण (सिनडल) है। अतः विश्व–व्यापी तथा स्थानीय कलीसिया में घनिष्ट मिशन–सहयोग की अत्यधिक आवश्यकता तथा ज़रूरत है। द्वितीय वत्तिकान के तथा मेरे पूर्ववर्तियों के पद–चिन्हों पर चलते हुए विश्व भर के धर्मप्रान्तों से 'पोन्टिफिकल मिशन सोसाइटी' की सेवा हेतु सिफ़ारिश करना चाहता हूँ। ये संस्थाएँ उस काथलिक प्राथमिक माध्यम को प्रतिनिधित्व करती हैं जिसके द्वारा सबों की सहायतार्थ, अपनी अपनी क्षमता के अनुसार, काथलिक लोग, जो बचपन से ही वास्तविक सार्वभौमिक और मिशनरी दृष्टिकोण से ओतप्रोत हैं, योगदान पहुँचाते आए हैं (Ad Gentes 38)।

इसी कारण से ही विश्व–मिशन दिवस के अवसर पर सभी स्थानीय कलीसियाओं का योगदान, विश्व–व्यापी कलीसिया के निधि के रूप में एकत्रित किया जाता है। इसी निधि से ही, विश्वास के प्रचार व प्रसार हेतु, आवश्यकतानुसार, संत पापा के नाम पर, विश्व भर में कलीसिया के मिशन के लिए सहायता बाँटी जाती है। प्रार्थना करें कि प्रभु की मदद से हम अधिक से अधिक सम्मिलित–सहयात्रिक विश्वासी समुदाय (सिनडल) व मिशनरी कलीसिया बनें।(Homily for the concluding Mass of the Ordinary General Assembly of the synod of Bishops)।

अंत में हम माता मरियम की ओर निहारें जिन्होंने गलीलिया के काना विवाह में प्रभु येसु से चमत्कार करने के लिए कहा था (योहन 2: 1–12)। हम देख सकते हैं कि यह चमत्कार विशेषकर विवाह समारोह में घटित हो रहा है। प्रभु ने नव–विवाहितों को तथा सभी अतिथियों को प्रचुर मात्रा में नया दाखरस प्रदान किया। यह घटना प्रभु द्वारा सब के लिए अंतिम समय में तैयार किये जा रहे उस विवाह भोज के पूर्वाभास के तुल्य है। हमारे समय में, ख्रीस्त के शिष्यों के सुसमाचार प्रचार के मिशन के लिए माता मरियम से हम उनकी ममतापूर्ण मध्यस्थ–प्रार्थना हेतु निवेदन करें। माता मरियम के आनन्द व ममता भरी संगति के साथ, कोमलता तथा प्रेम से उत्पन्न बल सहित (Evangeli Gaudium 288) हम निकल पड़ें हमारे राजा व मुक्तिदाता के निमंत्रण को हरेक के पास पहुचाँने। सुसमाचार प्रचार का तारा और पथ–प्रदर्शिका (the star of Evangelization) पवित्र माता मरियम, हमारे लिए प्रार्थना करें।

रोम, संत योहन लातरन, 25 जनवरी 2024, संत पौलुस के मन परिवर्तन का समारोह। फ्रान्सिस.

Answerkey for Page # 19

ANSWERS

1. ख) मिद्यानियों के खिलाफ लड़ाई
2. घ) उन्हें हर तरफ से आराम देना
3. ख) 2
4. घ) उपरोक्त में से कोई नहीं
5. घ) यहूदा
6. घ) आचोर की घाटी
7. ग) उसकी अटारी में सन के डंठल के नीचे
8. ग) इस्राएल को शाप देने के लिए भाड़े पर रखा गया एक भविष्यवक्ता
9. घ) उपरोक्त में से कोई नहीं
10. क) शकेम में

"The one who serves does not consider himself superior to the one served, however miserable his situation at the moment may be." (DCE, 35)

करूणालय के कार्यक्रम

RESIDENTIAL YOUTH RETREAT (IN HINDI)

''तुम्हारी कम उम्र के कारण कोई तुम्हारा तिरस्कार न करे।
तुम वचन, कर्म, प्रेम, विश्वास और शुद्धता में विश्वासियों के आदर्श बनो।'' (1 तिमथी 4:12)

11TH to 13TH October 2024

संचालक : श्रद्धेय फादर जोबी आनंद,
निदेशक, आत्मदर्शन टीवी, इंदौर

एक दिवसीय वचन घोषणा एंव प्रार्थना

इतवार दिनांक 20 अक्टूबर 2024 समय : प्रातः 9:00 बजे से अपरान्ह 1:00 बजे तक

Contact : Fr Joban Mathew OFM Cap 8384070144
Sr Vinaya MSA 6378419670

"HOLY SPIRIT, THE PARACLETE"

"You will receive the gift of the Holy Spirit." Acts 2:38

A retreat on the person, works, mission and charisms of the Holy Spirit.

Date : 2 Nov. 2024 (6:00P.M.) to 6 Nov. 2024 (8:00 P.M.)

For all the queries and Registration contact:
SIR PIYUSH JHA - 9829081092
SR. VINAYA (M.S.A) DIRECTOR, KARUNALAYA - 6378419670

LAST DATE FOR REGISTRATION - 15 October 2024
Registration, Food & Accommodation Fee - Rs 1500/-

RETREAT WILL BE CONDUCTED BY
FR. BABU & SIR PIYUSH

The retreat is organized to understand and experience the person and the charisms of the Holy Spirit in the light of the Church teachings. It's a great opportunity for the believers from all walks of life (Priests, religious, lay ministers, teachers, counsellors, nurses, students etc.) to comprehend and learn the charism of the Holy Spirit in their life in order to build the Kingdom of God wherever they are and whatever they do. (English and Hindi)

"God loves us, he makes us see and experience his love, and since he has "loved us first", love can also blossom as a response within us." (DCE, 17)

इंटीग्रल इकोलॉजी पर कार्यशाला

सीबीसीआई द्वारा 24 से 26 अगस्त 2024 तक नवीनता रिट्रीट हाउस, ओखला, दिल्ली में इंटीग्रल इकोलॉजी पर एक सेमिनार आयोजित किया गया। बिशप द्वारा सेमिनार में भाग लेने के लिए डायोसेसन कोर कमेटी के 2 सदस्यों को भेजा गया था, मैं (चांद) और सिस्टर रीता। उद्घाटन मिस्सा मुंबई के बिशप अति आदरणीय ऑल्विन डी सिल्वा द्वारा अर्पित किया गया और मिस्सा के बाद सब लोगों ने आपस में एक दूसरे से परिचय किया। दूसरे दिन आधिकारिक उद्घाटन जम्मू और श्रीनगर के बिशप अति आदरणीय इवान परेरा और अति आदरणीय ऑल्विन डी सिल्वा और सीबीसीआई की सचिव सिस्टर शिमी वर्गीस और अन्य लोगों द्वारा दीपक जलाने के बजाय एक पौधे को पानी देकर किया गया।

